52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 20.7°c अधिकतम 33.3 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:16 सूर्यास्त : 5:56 | वर्ष : 52/ अंक : 279 मंगलवार, 08 अक्टूबर 2024 | अश्विन, शुक्ल पक्ष, पंचमी/षष्ठी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

थोड़ी सी और दृढ़ता, थोड़ा सा प्रयास और जो एक निराशाजनक असफलता दिख रही है, वह एक शानदार सफलता में बदल सकती है।

राहुल गांधी को सुधर जाना चाहिए था, लेकिन वो बहुत बुरे तरीके से बिगड़ गए हैं : किरण रिजिजू

जब सब नेता सुधरेंगे... वो सुबह कभी तो आएगी.......

मां-बाप हुए शर्मसार, शहर के बीचोबीच मिला अय्याशी का बाजार

- स्वरूप स्क्वायर कॉम्पलेक्स में चल रहे कैफे सैंटर में चलता पाया गया अनैतिक देह व्यापार का धंधा
- अनैतिक कार्य के लिए दूर-दूर तक मशहूर हुआ उक्त कॉम्पलेक्स व कैफे सैंटर
- शहर में अन्य कई ऐसे अनैतिक कैफे चलने की चर्चाएं अब जोरों पर

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। माता पिता आज कल बच्चों को अपना खून पसीना एक करके पढ़ाने लिखाने के लिए स्कूल भेजते हैं, मगर सोमवार को महावीर चौक स्थित अय्याशी के अड्डे कैफे कॉर्नर व फ्री फायर कैफे सेंटर पर जो दृश्य देखने को मिला, वह वास्तव में माता पिता के लिए अत्यंत दुखदायी है। माता पिता अपना पेट काटकर और कलेजा चीरकर महंगाई के इस दौर में जिस तरह अपने बच्चों के खर्च उठा रहे हैं, इसका वर्णन भी करने लगें तो शब्द कम पड़ जायेंगे। मध्यम वर्गीय माता पिता की सैलरी और आमदनी आज 15 से 20 हजार रुपये तक होती है। ऐसे में आज के दौर में स्कूल और कॉलेजों की फीस भरना कितना मश्किल है, यह बयां करने की आवश्यकता नहीं है, नन्हें नन्हें बच्चों की फीस की शुरूआत आज दो से ढाई हजार रुपये प्रति महीना हो चुकी है और यह फीस सिर्फ एक बच्चे की है, इसके अलावा जब बच्चों को मां बाप बड़ा करके कॉलेज में भेजते हैं तो सपना संजोते हैं कि अब उनके बच्चे चंद दिनों बाद जॉब पर लग जायेंगे और माता पिता का भरण पोषण करने लायक हो जायेंगे, मगर ये कलियुगी दौर है साहब यहां तो जिन बच्चों पर अंधे होकर मां बाप विश्वास कर रहे हैं, वही बच्चे पीठ पीछे माता पिता के विश्वास को सिर्फ ठेस ही नहीं पहुंचा रहे हैं, बल्कि माता पिता को शर्मशार कर उन्हें समाज में शक्ल दिखाने लायक भी नहीं छोड़ रहे हैं।

कैफे सेंटर के नाम पर महावीर चौक पर चल रहे अय्याशी के अड्डे में दो चार छह नहीं बल्कि पूरे 50 बच्चे पकड़े गये हैं, जिनमें अधिकांश लड़के-लड़कियां स्कली ड्रेस में दिखाई दिये। कोई मुंह छिपाकर वहां से निकलता दिखाई दिया, कोई स्कूल के बैग की ओट में खड़ा दिखाई दिया। दरअसल उक्त सभी बच्चे अलग अलग कई स्कूलों के थे। बड़े शर्म की बात यह है कि अच्छी तालीम लेने वाले स्कूली बच्चे भी इसी कैफे में मौज मस्तियां करते पकड़े गये हैं। भले ही इन बच्चों ने अपने चेहरे छिपा लिये हों, मगर मां बाप को तो अपने बच्चों के बालों की भी पहचान हो जाती है। ऐसे में चाहे बच्चे कितना भी मुंह क्यों न छिपा लें आज मां बाप का सिर ऐसे बच्चों के कृत्य की वजह से पूरी तरह कटा दिखाई दिया। शर्मशार करने वाले इस नजारे को आती जाती पब्लिक ने रुक रुककर देखा और रुककर देखने वाले लोगों के मुंह से एक ही बात निकली कि ऐसी पढ़ाई से तो अच्छा है कि बच्चे अनपढ़ ही रह जायें। कौन से स्कूल कॉलेज इन्हें ये शिक्षा दे रहे हैं या फिर पता होने पर भी इन्हें रोक नहीं पा रहे हैं। लानत है ऐसे कैफे चलाने वाले निर्लज्ज लोगों पर, जिनके अपने बच्चे होते हुए भी दूसरे के बच्चों को बिगाड़ने के लिए ऐसे कैफे चला रहे हैं। जिनमें घंटों के हिसाब से मौज मस्ती करने की पूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। क्या कल को ऐसे कैफे चलाने वाले लोगों के अपने बच्चे आज उन्हें शर्मशार करेंगे या नहीं, ये तो पता नहीं मगर समाज के मुंह पर ऐसे लोग लानत ही हैं, जिन्हें ये तक नहीं पता कि इस उम्र में बच्चों को क्या अनुशासन, क्या संस्कार देने चाहिए। कुल मिलाकर आज का यह शर्मनाक दृश्य मां बाप की आंख खोल देनेवाला दृश्य है और इस दृश्य से यह साबित हो रहा है कि आज देश की नौजवान पीढ़ी पढ़ाई के नाम पर किस गर्त में जा रही है।

विवादित कैफे पर छापे के साथ आधा दर्जन खाद्य नमूने लिए

मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने आज छापे की जद में आए विवादित कैफे से आधा दर्जन वस्तुओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। खाद्य विभाग की टीम ने फ्री फायर कैफे महावीर चौक से पास्ता व पिज्जा, सोस हरबी टॉमेटो, स्पाइस सनेक्स सोस, सोया सेस, जमी जुई मिठाई, चाउमीन, चॉकलेट आइस्क्रीम तथा टॉमेटो सोस का नमूना लिया गया। टीम ने आज एक दर्जन नमूने भरने के साथ दो स्थानों से कुट्टू का आटा तथा पाम ऑयल सीज भी किया गया। दिलशाद मिल्क पनीर जाकिर कॉलोनी की दुकान से पनीर और पाम ऑयल व भैंस के दूध का नमूना लिया गया। इसके अलावा जितेन्द्र कुमार विपिन जैन किराना स्टोर कुन्दनपुरा की दुकान से कुटटू के आटे का नमूना लिया गया। टीम द्वारा 58 लीटर पाम ऑयल अनुमानित मूल्य लगभग 7540 रुपये व 40 किलोग्राम कुट्टू का आटा अनुमानित मूल्य लगभग 4800 रुपये सीज किया गया। टीम ने कुल 12 नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवकुमार मिश्र के नेतृत्व में इस टीम ने छापे की कार्रवाई की।

पति मनीष शर्मा और पत्नी रुखसार गिरफ्तार, दोनों कैफे पर मुकदमा

मुजफ्फरनगर। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एएसपी व्योम बिन्दल की तरफ से थाने में फ्री फायर कैफे सेंटर के संचालक मनीष शर्मा और उसकी पत्नी रुखसार निवासीगण साउथ सिविल लाइन के खिलाफ तथा कैफे कॉर्नर के संचालक सूर्य सैनी व उसके भाई सचिन सैनी निवासी सूजडू के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार कराने वा धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है तथा इस सम्बंध में खाद्य एवं औषधि विभाग को भी पुलिस द्वारा रिपोर्ट भेज दी गई है। पुलिस ने बताया कि मनीष शर्मा और उसकी पत्नी रुखसार को गिरफ्तार कर लिया गया है। 12 युवकों के खिलाफ शांतिभंग में रिपोर्ट दर्ज की गयी है और युवतियों को परिजनों को सौंप दिया गया।

ऐसी घटनाओं से प्रत्येक मां बाप लें सबक और रखें अपने बच्चों पर निगाहें, कहीं आपके बच्चे भी तो इसी राह पर नहीं चल रहे

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। दरअसल जब से आधुनिकता का दौर आया है और बालिग होने के बाद देश की माननीय कोर्ट ने माता पिता के लिए ये अधिकार भी खत्म कर दिये कि आप आज बच्चों को डांट तक नहीं सकते, तब से माता पिता सहम गये हैं और वो अपने बच्चों पर उनकी गतिविधियां देखने के बाद भी उनसे मारपीट तक नहीं करते। एक जमाना था जब रेस्टोरेंट जाना तो दूर किसी ठेले पर खड़े होकर कुछ खाते पीते यदि मां बाप ने देख लिया तो घर पर कुटाई का पूरा इंतजाम पहले से ही तैयार मिलता था और मोबाइल देखना तो दूर की बात चोरी से किसी थियेटर के बाहर खड़े होकर फिल्म का पोस्टर भी माता पिता देखने नहीं देते थे। उनका उठना बैठना उनके दोस्तों का अता पता, चाल और चलन सब कुछ मां बाप निगरानी किया करते थे। यहां तक की अगर किसी दूसरे के बच्चे को भी कोई अनैतिक कार्य करते देख लिया तो पड़ौसी भी घर परिवार में जाकर शिकायत कर दिया करता था। मगर आज तो घर का आदमी ही शिकायत करने से डर जाता है। आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में माता पिता ने अपने बच्चों को पूरी छूट दे रखी है, अधिकांश माता पिता यह पता ही नहीं रखते कि उनके बच्चे आखिर स्कूल कॉलेज पहुंच भी रहे हैं या नहीं, या बीच में कितने घंटे स्कूल कॉलेज से गायब रहते हैं, शर्म की बात यह है कि स्कूल कॉलेज वालों ने भी अभिभावकों को यह बताना छोड़ दिया है कि आपका बच्चा स्कूल बीच में ही छोड़कर चला गया था। अब सिर्फ स्कूल कॉलेज पैसा कमाने की होड़ में लगे हुए हैं। उन्हें भी अनुशासन और संस्कार से कोई लेना देना नहीं रह गया है। ऐसे में यदि अभिभावक खुद न संभले तो हमारी आने वाली पीढ़ियां इसी तरह अय्याशियों के अड्डों पर अनैतिकता की क्लासे लेने रेस्टोरेंट और होटलों में ही अपनी पाठशाला खोले दिखाई देंगी। मां बाप को फिर उसी रूप में आना होगा कि यदि उसके बच्चे कोई अनैतिक कार्य कर रहे हैं तो उसका पीछा अवश्य करें। आधुनिकता के नाम पर उन्हें इतनी छूट न दें कि वे कब कहां क्या कर रहे हैं, मां बाप को पता ही न हो।

माँ दुर्गा की छठी शक्ति

|| कात्यायनी ||

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याछेवी दानवघातिनी।।

शेष : पृष्ठ-4 पर

विरोध, प्रदर्शन-हंगामे बीच नगर सृजन योजना को लगे ब्रेक

- सदन में 56 में से 54 प्रस्तावों पर बनी सहमति, 2 प्रस्ताव निरस्त
- सभासदों के ऐतराज पर फिर से बदलेगी नगरोदय की सूरत
- पदेन सदस्य सपा सांसद हरेंद्र मलिक का सदन में किया स्वागत

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बोर्ड बैठक में नगर विकास को पंख लगाने के लिए लाए 56 में से 54 प्रस्ताव सदस्यों की सहमति के बीच स्वीकृत हो गए, जबकि नगर सृजन के प्रस्ताव में दो वार्डों की अनदेखी व नगरोदय योजना में सभासदों के ऐतराज पर इसे संशोधित कराने पर सहमति बनी। वहीं गत कार्यवाही की पुष्टि के एक प्रस्ताव पर ऐतराज करते हुए सभासदों ने विरोध जताया। बोर्ड बैठक में सभासदों ने निर्माण कार्यों को समय से लागू नहीं किए जाने की शिकायत करते हुए अफसरों की कार्य प्रणाली में सुधार कराने की बात की। नगर सृजन योजना में जो कार्य आठ माह पूर्व पारित हो चुके हैं, वो आज तक शुरू नहीं हो पाने, गैस पाइप लाइन के गड्ढे भरने का काम जनवरी से शुरू होना था, लेकिन आज तक कोई कदम नहीं उठाने को लेकर भी हंगामा रहा। चेयरपर्सन ने अधिकारियों का जवाब तलब करते हुए स्थिति में सुधार कराने की नसीहत दी। नगरपालिका परिषद् की बोर्ड बैठक पालिका सभागार में विरोध एवं हंगामे के

शेष - पृष्ठ-4 पर

कैफे सेंटर से कैसी आपत्तिजनक वस्तुएं मिली हैं, यदि इसकी चर्चा भी माता पिता से कर दी जाये तो शायद माता पिता उस दृश्य को देख भी न पाये

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। महावीर चौक स्थित कैफे सेंटरों से सिर्फ बीयर, नशे के अन्य सामान आदि ही नहीं मिले बल्कि ऐसी आपत्तिजनक चीजें मिली हैं, जिनका इस्तेमाल विवाह से पूर्व करने का कोई औचित्य ही नहीं मिलता। विवाहित महिला और पुरुष बेशक ऐसी चीजों का इस्तेमाल करते हों, लेकिन जो कैफे सेंटर में मिला है, उसका वहां मिलने का क्या अर्थ है, ये हम सबकी समा में शायद आ रहा है, लेकिन फिर भी सबकुछ समा से बाहर है। माता पिता को शर्मशार करने वाले ऐसे बच्चे निकट भविष्य में क्या गुल खिलाएंगे यह तो स्वयं हमें ही सोचना होगा, मगर सोमवार को कैफे सेंटरों में मिली आपत्ति जनक वस्तुओं ने हमारे संस्कारों की पूरी पोल खोलकर रख दी है और साफ दर्शा दिया है कि हम अपने बच्चों को न अनुशासन में रख पा रहे हैं और न ही उन्हें कोई संस्कार दे पा रहे हैं।

आखिर क्यों देर से जागा प्रशासन, कैफे सेंटर में क्यों अलग अलग कैबिन बने हुए थे

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। मुजफ्फरनगर जैसे छोटे शहरों में जब हम होटलों में जाते हैं तो सार्वजनिक रूप से टेबल लगे होते हैं, जिसमें पारदर्शिता के साथ आप एक दूसरे को देख सकते हैं और हाय हैलो भी कर सकते हैं। मगर उक्त कैफे सेंटरों में किस कारण से पर्सनल कैबिन बनाये गये थे और उक्त पर्सर्नल कैबिन की रिपोर्ट प्रशासन तक देर से क्यों पहुंची, क्योंकि विभिन्न विभागों के लोग जब इन कैफे सेंटरों को चलाने की अनुमति देते हैं तो कोई मानक भी रखते ही होंगे और यदि उक्त कैफे सेंटर के मानक पूरे नहीं हैं तो इसकी जांच इतनी देर से क्यों की गई। बड़ी बात यह है कि जिस स्वरूप स्क्वायर मार्किट महावीर चौक पर जो ये कैफे सेंटर संचालित हो रहे हैं तो उसके आसपास के दुकानदारों ने ऐतराज क्यों नहीं जताया। कुल मिलाकर शर्मसार कर देने वाली इस घटना ने पूरे शहर को ही बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया, क्योंकि इसी शहर में ऐसे कई सेंटर और भी चलने की चर्चाएं अब जोरों पर सामने आने लगी हैं और जहां जहां भी छात्र छात्राओं के मिलने के अड्डे बने हैं, उसका खुलासा भी जल्द ही होने वाला है, बस दुख इस बात का है कि इस शहर में प्रत्येक अनैतिक कार्य के लिए प्रशासन देर से ही जागता दिखाई पड़ता है।

पचास स्कूली छात्र-छात्राओं को बाहर निकलता देख उड़ गये राहगीरों के होश

मुजफ्फरनगर। माता पिता की बात तो छोड़िए जनाब महावीर चौक पर जब पुलिस की छापामारी हुई और कैफे सैंटरों से धड़ाधड़ स्कूल की यूनिफॉर्म पहने छात्र-छात्राओं की फौज बाहर आती दिखाई दी तो आते जाते लोग भौचक्के रहे गये। सभी वाहनों के पहिये वहीं के वहीं थम गये और सभी अपना कामकाज भूलकर कैफे से बाहर निकलने वाली इस फौज की तरफ निहारने लगे। सड़क पर रुके वाहन चालकों की यह सोच कर भी दिल की धड़कन बढ़ गई कि कहीं इनमें कोई हमारा बच्चा तो नहीं, क्योंकि प्रत्येक माता पिता को यही विश्वास होता है कि मेरे बच्चे तो बहुत संस्कारी हैं मगर फिर भी कहीं न कहीं मन में एक संदेह रहता है कि जब इतना बड़ा काफिला अनैतिक कार्य में पकड़ा गया है तो कहीं इनमें मेरा कोई बच्चा तो नहीं, थोड़ी देर के लिए वहां जाम भी लगा दिखाई दिया, लेकिन पुलिस कर्मियों ने उन्हें जल्दी आगे बढ़ जाने की सख्त हिदायत दी, क्योंकि इनमें से कुछ लोग वीडियो बनाते दिखाई दिये।

स्पा सेंटर में काम करने वाली युवतियां हुई रफू चक्कर

मुजफ्फरनगर। जिस समय पुलिस की छापामारी हुई तो एकाएक वहां काम करने वाली युवतियों को आभास हो गया कि आज वे फंस सकती हैं। ऐसे में वे कब वहां से रफू चक्कर हो गई, ये किसी को पता ही नहीं चला। एकाएक स्पा सेंटर का ताला लगाकर उक्त युवतियां गायब हो गई, मगर सीसीटीवी फुटेज में पूरा मामला कैद है। आसपास के लोगों का बताना है कि पुलिस को अभी इस बात की भनक ही नहीं है, जब मामले की जांच होगी तो उक्त युवतियां भी सीसीटीवी कैमरे में साफ तौर पर दिखाई देंगी।

अंतिम यात्रा

बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय माताजी **श्रीमती सत्यवती कुमार** (पत्नी स्वर्गीय श्री महेंद्र कुमार एडवोकेट) का स्वर्गवास दिनांक 07 अक्टूबर 2024 हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

उनकी अन्तिम यात्रा आज दिनांक 08/10/2024 प्रातः 11 बजे, हमारे निज निवास स्थान 25/7, रामबाग रोड से प्रारम्भ होकर नई मंडी श्मशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

श्रीमती सत्यवती कुमार

-: शोकाकुल परिवार :-

आरती कुमार (पत्नी स्व0 दीपक कुमार)(पुत्रवधु), नीना कुमार (पत्नी स्व0 पंकज कुमार) (पुत्रवधु)
नीरज कुमार-प्रीति कुमार (पुत्र-पुत्रवधु), नीना गुप्ता-अरूण गुप्ता (पुत्री-दामाद)
आकाश कुमार-सपना कुमार (पौत्र-पौत्रवधु), अनुभव कुमार-अंकिता कुमार (पौत्र-पौत्रवधु),
ध्रुव कुमार-अद्विका कुमार (पौत्र-पौत्रवधु)

यति नरसिंहानंद के खिलाफ जुलूस में लहराई तलवार, पुलिस पर हमला, 180 पर रिपोर्ट

मेरठ, 7 अक्टूबर (एजेंसी)। डासना के महंत यति नरसिंहानंद की पैगंबर पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सोमवार को मुंडाली में बिना अनुमति निकाले जा रहे जुलूस को रोकने का प्रयास करने पर पुलिस टीम पर जानलेवा हमले के साथ पुलिसकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए उन्हें खदेड़ा तो जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने 30 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद की पैगंबर मुहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जगह-जगह विरोध प्रदर्शन जारी हैं। सोमवार को मुंडाली गांव में बड़ी संख्या में युवा एकत्र हुए और जुलूस निकाला। हसीन नाम के युवक की अगुवाई में निकाले जा रहे जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल रहे। जुलूस में शामिल युवा और बच्चे तलवार और लाठी-डंडे लहराते हुए धार्मिक और देशविरोधी नारेबाजी कर रहे थे। जिससे गांव में दूसरे समुदाय के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जुलूस रोकते हुए अनुमति के बारे में पूछा। जुलूस में शामिल लोगों ने पुलिस से गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। इस दौरान पथराव भी किया गया। पुलिस ने लाठी फटकार कर जुलूस में शामिल लोगों को खदेड़ दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गए। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार किया जाएगा।

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

आपत्तिजनक टिप्पणी और उपद्रव

किसी भी महापुरुष के विरुद्ध कोई भी आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। ऐसी टिप्पणी करने वाले का विरोध होता ही है और होना भी चाहिए, लेकिन विरोध के नाम पर उपद्रव, अराजकता भी नहीं होनी चाहिए। पृथ्वी की कोई भी धार्मिक मान्यता घृणा नहीं सिखाती, हर मान्यता शान्ति का संदेश देती है, अम्न का पैगाम देती है, लेकिन फिर भी ऐसे तत्व होते हैं, जो घृणा का प्रसार करते हैं, उपद्रव का आयोजन करते हैं। सभी शान्ति के पुजारियों को ऐसे हरेक तत्व की निन्दा करनी चाहिए जो घृणा का प्रसार करता हो। एक महंत ने पैगम्बरे इस्लाम के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की, उसका वीडियो वायरल हुआ, तो जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए महंत के पुतले भी फूंके गये, सहारनपुर के शेखपुरा में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला भी किया और भी कई जगह उपद्रव हुए यह सब भी निंदनीय है, धर्म के विपरीत है, मजहब के खिलाफ है। बुलंदशहर के सिकंदराबाद में लोगों ने पुलिसवालों पर पथराव भी किया। महाराष्ट्र के अमरावती में यति नरसिंहानंद के बयान का विरोध कर रहे लोगों ने भी पुलिस पर पथराव किया था। हरिद्वार में भी यति नरसिंहानंद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने सर तन से जुदा जैसे नारे भी लगाए, यह भी घृणा ही का प्रसार है, इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर चार मुकदमे दर्ज किए। पुलिस के मुताबिक, यति नरसिंहानंद के खिलाफ लगाए गए ये नारे भी हेट स्पीच की श्रेणी में आते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई के निर्देश दिए। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस से लेकर हैदराबाद में असदुद्दीन ओवैसी तक ने इस मामले पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जमीयत उलेमा-ए-हिन्द ने यति नरसिंहानंद की गिरफ्तारी की मांग की है। संगठन का कहना है कि इस मामले में केवल एफआईआर दर्ज करना काफी नहीं है। मुस्लिमों के प्रमुख संगठनों में शामिल जमीयत उलेमा ए हिन्द के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने अपने बयान में कहा है कि यति नरसिंहानंद की पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी असहनीय ईशनिंदा है। जमीयत-उलेमा-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर यति नरसिंहानंद के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की मांग की। आरएसएस के मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक मजाहिर खान ने कहा कि महंत यति नरसिंहानंद के संघ या भाजपा से कोई रिश्ता नहीं है। उनका बयान देश में अराजकता फैलाने वाला है। कई मुस्लिम विद्वानों ने बाकायदा वीडियो संदेश जारी करके इस मामले में कानून को हाथ में न लेने की अपील भी की है। यूपी में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मामले पर बयान दिया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े इष्ट देवी-देवता, महापुरुषों या साधु-संतों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम योगी का ये बयान ऐसे समय आया है, जब गाजियाबाद के महंत यति नरसिंहानंद के द्वारा पैगंबर पर दिए विवादित बयान के बाद जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। त्योहारों के दृष्टिगत सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि हर मत और संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए। सीएम ने दो टूक कहा कि न ही किसी धर्म पर अपमानजनक टिप्पणी और न ही विरोध के नाम पर अराजकता, बर्दाश्त की जाएगी। इसके साथ ही सीएम योगी ने अधिकारियों संग बैठक में कहा कि महापुरुषों के प्रति सभी नागरिकों के मन में कृतज्ञता का भाव आवश्यक है, लेकिन इसे जबरन नहीं थोपा जा सकता। अगर कोई भी व्यक्ति आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, देवी-देवता, महापुरुषों या सम्प्रदाय की आस्था के खिलाफ टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता से दण्ड दिया जाएगा। सभी मत, मजहब और संप्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इन बातों का कई इस्लामिक विद्वानों ने स्वागत किया है, इस्लामिक विद्वानों का कहना है कि एक कुशल मुख्यमंत्री से ऐसे ही बयान की उम्मीद थी, एक कुशल मुख्यमंत्री सभी मतों और मजहबों की इज्जत करते हैं जो योगी कर रहे हैं। इस बीच फिरोज खान नाम के एक शख्स ने यति नरसिंहानंद का सिर कलम करने पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है, जिसकी शिकायत गाजियाबाद पुलिस से की गई है। इस मामले में महंत नरसिंहानंद के शिष्यों की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा थाना वेव सिटी में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर के अनुसार, मसूरी थाना क्षेत्र के रहने वाले फिरोज खान द्वारा फेसबुक पर ये पोस्ट की गई है। महंत के शिष्यों ने आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ या आगजनी स्वीकार नहीं की जाएगी। जो भी ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्होंने महिला सुरक्षा के प्रति भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और भीड़भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग और पीआरवी 112 की पेट्रोलिंग तेज करने को कहा है। महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग मिलकर काम करेंगे। साल पहले भी यति नरसिंहानंद के खिलाफ गाजियाबाद में एफआईआर दर्ज हुई थी। उस समय सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें महंत यति नरसिंहानंद, प्रधानमंत्री व अन्य महापुरुषों के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे थे इसी वजह से गाजियाबाद के थाना मसूरी पर केस दर्ज किया गया था। इसके बाद उन्होंने कहा था कि मदरसों को बारूद से उड़ा देना चाहिए, ताकि बच्चों के दिमाग से वायरस निकल सके, उन्होंने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को भी मजाक बताया था।

चार तीर

सुनील उत्सव

"धर्म" "अम्न" "तालीम" "आदमीयत"

धर्म की राहों पे चलकर भी भटक जाते हैं क्यों,
अम्न की तालीम भी दिल में उतरती क्यों नहीं?
बैर नफरत के लिए क्या हम जमीं पर आए हैं,
आदमीयत गिर रही है, अब उभरती क्यों नहीं?

हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया भ्रमण

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। रविवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने जिला कारागार का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान न्यायमूर्ति ने कारागार के मुख्य द्वार के बाहर स्वाधीन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति पटल पर माल्यार्पण भी किया तथा कारागार में भ्रमण करते हुए भोजनशाला में भोजन की गुणवत्ता भी चेक की। इसी के साथ साथ कारागार के अंदर ही वृक्षारोपण भी किया गया। साथ ही पुस्तकालय का भी निरीक्षण कर पुस्तकों का अवलोकन किया। कारागार की बैरकों, चिकित्सालय, कम्प्यूटर कक्ष, वीडियो कॉफ्रेंसिंग रूम आदि की भी पूरी जांच की गई। कारागार में बंद बंदियों से उनकी समस्याओं के संबंध में भी न्यायमूर्ति ने जानकारी लेते हुए उनकी समस्याओं के लिए निराकरण का विचार किया। उन्होंने कहा कि कारागार में गुणवत्तायुक्त भोजन एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाये। पुरुष बैरकों का भ्रमण करने के साथ साथ उन्होंने महिला बैरक का भ्रमण करते हुए महिला बंदियों से भी बातचीत की तथा महिलाओं के साथ रह रहे बच्चों के क्रेच की सराहना की तथा महिला बंदियों के बच्चों को उपहार स्वरूप कपड़े व खिलौने भी वितरित किये। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी ने उनका बुके देकर अभिनंदन किया तथा उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायाधीश शामली अनिल कुमार भी मौजूद रहे।

पुलिस व मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

- अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ने किया महाराजा अग्रसेन जयंती का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में राष्ट्रीय गौरव महान दार्शनिक तथा समाज की प्रतीक मानस को एक-ईट एक रुपया प्रदान कर समर्थवान बनाने वाले युगपुरुष महाराजा अग्रसेन जी की जयंती आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने की जिसमें राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल मुख्य अतिथि एवं गोपाल गोयल राष्ट्रीय महामंत्री अशोक कंसल पूर्व विधायक अभिमन्यु गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद मित्तल राष्ट्रीय प्रवक्ता मंत्री विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। लक्ष्मण विहार कॉलोनी स्थित आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल के सभा भवन में जयंती समारोह का कुशल संचालन प्रदेश महामंत्री रामकुमार तायल ने किया। इस कार्यक्रम के संयोजक मंडल में जिला अध्यक्ष विनोद संगल, महामंत्री अंकुर गर्ग, जिला महामंत्री टोनी बिंदल, जिला कोषाध्यक्ष रेणु गर्ग, महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती ममता अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री विश्वदीप गोयल, प्रदेश अध्यक्ष युवा, एल.के मित्तल, इंजीनियर लोकेश चंद्रा, आर के गर्ग, अशोक बंसल, अवनीश मोहन तायल, बीएम गुप्ता, अरुण गोयल, अजय अग्रवाल (सी.ए), नीति अग्रवाल जिला अध्यक्ष महिला सह संयोजक उपस्थित रहे। इस जयंती समारोह में जहां नगर व जनपद से पधारे अग्रवंशियों ने समाज के अग्रणी महापुरुष महाराजा अग्रसेन जी के जीवन के कृत्य पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय धारा के साथ चलने तथा राष्ट्रीय उन्नति में अग्रवंशीय जन की सकारात्मक भूमिका पर बल दिया। वहीं शासन प्रशासन के सराहनीय कार्य का संदर्भ ग्रहण कर बुढ़ाना के वरिष्ठ व्यापारी राजेश संगल की सकुशल बरामदगी के लिए एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी क्राइम प्रशांत कुमार, सीओ बुढ़ाना गजेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री एसओजी एवं समस्त एसओजी टीम को शॉल पटका एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह मेडल देकर सम्मानित किया गया। जीसी पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं ने महाराजा अग्रसेन जी के संगीत पर मनमोहक नृत्य पेश किया। शिवचरण गर्ग, सुशील अग्रवाल एडवोकेट, अनिल प्रकाश बंसल, अनिल कंसल, अशोक सिंघल, कौशल कृष्ण अग्रवाल, मुकुट गुप्ता, पीके गुप्ता, सतीश मित्तल, राजेंद्र गोयल, सुमित गर्ग, सुनील गर्ग, शिशु कांत गर्ग, शिव कुमार संगल, शिवनारायण अग्रवाल, पुष्पेंद्र अग्रवाल, डॉक्टर अशोक कुमार, डॉक्टर एम एल गर्ग, डॉ. प्रदीप कुमार, संजय गर्ग, कृष्ण गोपाल मित्तल, जनार्दन स्वरूप, अमरीश गोयल, नरेंद्र मित्तल, महेश गर्ग तथा विशाल गर्ग आदि उपस्थित रहे।

जीएसटी में व्यापारियों का उत्पीड़न रोकने की मांग को लेकर ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल मुजफ्फरनगर इकाई ने जीएसटी को लेकर व्यापारियों का उत्पीड़न रोकने की मांग करते हुए सात सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से वित्त मंत्री को प्रेषित किया। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कंसल एवं नगर अध्यक्ष अजय कुमार सिंघल ने बताया कि व्यापारी बिना कोई वेतन, बिना कोई कमीशन बगैर पैंशन लिए रात दिन सरकारी खजाना भरने का कार्य कर रहा है। मोदी जी की देश को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाने को सतत प्रयास रत है। किन्तु व्यापारी के समक्ष टैक्स की दांव पेंच की समस्याएं मुंह बाए खड़ी रहती हैं, अधिकारी कर्मचारी छोटी छोटी बातों पर दोहन और उत्पीड़न करने के लिए तत्पर रहते हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि रेडीमेड गारमेण्ट पर 5%ओर 12%दो स्लैब की बजाए 5%का एक ही जीएसटी स्लैब किया जाए। जूते चप्पलों पर जीएसटी 5%करने, विक्रेता के डिफॉल्ट होने पर क्रेता को परेशान न करने, दूसरे प्रदेश में मॉल पकड़े जाने पर होम डिस्ट्रिक्ट में केस की सुनवाई, छोटी मोटी गलती पर मॉल न रोकने, परचून की गाड़ी में कोई मॉल गलत पाए जाने पर पूरी गाड़ी न रोकने, व्यापारियों को भी व्यापारी कोटा बनाकर, राज्य सभा, विधान परिषद, पार्षद बनाने हेतु आशा के साथ ज्ञापन दिया गया। अशोक कंसल वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, अजय कुमार सिंघल नगर अध्यक्ष, श्याम सिंह सैनी जिला महामंत्री, प्रवीण खेड़ा नगर महामंत्री, अमित मित्तल, पंकज शर्मा, दिनेश बसंल, अशोक छाबड़ा, अनिल तायल, रामपाल, अलका शर्मा, अनिता, मनोज गुप्ता आदि व्यापारी नेता शामिल रहे।

एआरटीओ विभाग ने लगाया नेत्र व स्वास्थ्य कैंप

- दा एसडी पब्लिक स्कूल में 48 ड्राईवरों का किया परीक्षण

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। सड़क सुरक्षा सप्ताह एवं सुरक्षा की दृष्टि से वाहन चालकों को जागरूक करने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच सोमवार को एक कैंप दी एसडी पब्लिक स्कूल जानसठ रोड में आयोजित किया गया। स्कूल प्रांगण में संपन्न नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कैंप में करीब 48 ड्राइवरों के इस बीच नेत्र परीक्षण किया गया एवं सभी को सुरक्षा कारणों से यातायात की जानकारी दी गई एवं यातायात की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से एआरटीओ सुशील कुमार मिश्रा, एआरटीओ अजय मिश्रा, डॉ. राजेश भार्गव, डॉ. शिवराम, स्कूल की प्रधानाचार्या नीलम बाकर, नीरज चौहान के साथ स्कूल का सभी स्टाफ मौजूद रहा।

भाकियू अम्बावता की जिला कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

- इकरार फारुकी बने महामंत्री, ताज मौहम्मद बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन अम्बावता की जिला इकाई का सोमवार को विस्तार हो गया। नगर के रुड़की रोड स्थित होटल में मीडिया से वार्ता करते हुए यूनियन जिलाध्यक्ष चौ. जीशान सिद्दीकी ने दावा करते हुए कहा कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष किसानों से जुड़ी समस्याओं के निदान के साथ ही किसान हित के मुद्दों पर मजबूत लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन बीते 26 वर्षो से किसानों की आवाज बनकर खड़ा है और हर मोर्चे पर किसानों के सम्मान की खातिर लड़ाई लड़ने का काम करेंगे। सोमवार को संपन्न प्रेसवार्ता में भाकियू अंबावता जिलाध्यक्ष चौ. जीशान सिद्दीकी ने संगठन का विस्तार करते हुए बताया कि संगठन में ताज मौहम्मद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इकरार फारुकी को महामंत्री, सलीम सिद्दीकी, चौ. अयान सिद्दीकी, सहबान को उपाध्यक्ष, रोशन सिद्दीकी मंत्री, फरमान अंसारी महानगर अध्यक्ष, सरताज अंसारी नगर अध्यक्ष, रफीक, सफीक, सचिन जैन, ताशीर व शाहिद आदि को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मोनिश गौर, मंडल प्रभारी साजिश खां व जिला प्रवक्ता जावेद आलम आदि मौजूद रहे।

यति नरसिंहनन्द पर रासुका की मांग को लेकर सपा ने सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। समाजवादी पार्टी ने डासना गाजियाबाद के यति नरसिंहानन्द ने पैगम्बर साहब पर आपत्तिजनक बयान के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। सपा राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा के नेतृत्व में डीएम से मिले कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में नरसिंहानंद के साथ उसके शिष्यों पर एनएसए की कार्यवाही किए जाने की मांग की। राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि यूपी लोस चुनाव में सपा से करारी हार के बाद भाजपा बौखलाकर नफरत को बढ़ावा दे रही है। यति नृसिंहानन्द द्वारा फिर से मुस्लिमों व उनके पैगम्बर के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान से माहौल खराब करने की बड़ी साजिश की है। महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र त्यागी बॉबी ने कहा कि यति नृसिंहानन्द को पूर्व में हेट स्पीच अपराधों में कोर्ट ने आईन्दा हेट स्पीच न देने की शर्त पर ही जमानत दी थी लेकिन यह व्यक्ति सुप्रीम कोर्ट की जमानत शर्तो का उल्लघंन कर प्रदेश की कानून व्यवस्था का उपहास उड़ा रहा है। उन्होंने यति नृसिंहनन्द पर यूएपीए व रासुका में निरुद्ध करने की मांग की। इस दौरान विकिल अहलावत, सतेंद्र सैनी, सोमपाल भाटी, विनय पाल, सुरेशपाल, कपिल मलिक, रमेशचंद शर्मा, आदि मौजूद रहे।

पूर्व डीएम डीके सिंह अपनों के बीच, पुरानी यादें हुई ताजा

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। मुजफ्फरनगर में पूर्व में बतौर जिलाधिकारी रहे डीके सिंह सोमवार को नगर में कई कार्यक्रम में अपनों के बीच रहे। इस बीच कई स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। इस कड़ी में सोमवार को नवीन मंडी स्थल स्थित दी गुड़ खाण्डसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसोिएशन अध्यक्ष संजय मित्तल के प्रतिष्ठान पर पहुंचे आईएएस अधिकारी रहे डीके सिंह का एसो. के अध्यक्ष संजय मित्तल के साथ अन्य व्यापारियों ने उनका माला पहनाकर एवं प्रभु श्रीराम की मूर्ति देकर स्वागत किया। पूर्व डीएम डीके सिंह ने संजय मित्तल को 18वीं बार एसोसिएशन अध्यक्ष बनने पर बुके देकर बधाई दी। इस दौरान हरिशंकर तायल, सुरेंद्र बंसल, सूबेदार रणधीर सिंह, मन मोहन मुंदडा, राजेश गोयल, श्याम सुंदर, टीटू आदि व्यापारी मौजूद रहे। बाद में जिलाधिकारी रहे डीके सिंह ने श्रीबालाजी धाम मंदिर एवं श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर के दर्शन कर लिया भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां पर मंदिर समिति ने स्वागत किया।

व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल एव पदाधिकारियों द्वारा वरिष्ठ समाजसेवियों के निधन पर किया शोक व्यक्त

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बुस.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि की एक बैठक कैंप कार्यालय कुंदनपुरा पर आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति व नवीन मंडी व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा के पूज्य पिता राधेश्याम मिश्रा एव सनातन धर्म सभा के मंत्री दीपक मित्तल के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि समाजसेवी राधे श्याम मिश्रा व दीपक मित्तल सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहने वाले व्यक्ति थे। सामाजिक संस्थानों में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनके आकस्मिक निधन से सर्वसमाज को बहुत बड़ी क्षति हुई हैं। इस दौरान प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह, जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, अध्यक्ष सर्राफा एसो. पवन वर्मा, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष तरुण मित्तल, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण त्यागी, जिला महामंत्री विशाल जैन, जिला युवा प्रभारी विजय प्रताप सिंह, नगर प्रभारी भूरा कुरैशी, सुशील सिंघल, अनिल सिंघल, पंकज जैन,शिव कुमार सिंघल, मुकेश गुप्ता द्वारा शोक संवेदना व्यक्त की गई।

राम वियोग में दशरथ ने त्यागे प्राण, अयोध्या में अंधकार

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति के तत्वावधान में स्थानीय कलाकारों के द्वारा आयोजित किये जा रहे 49वें श्री रामलीला महोत्सव रविवार की रात्रि सातवें दिन राजा दशरथ मोक्ष और राम-केवट संवाद के साथ ही श्रवण प्रसंग लीला का भावपूर्ण मंचन कलाकारों के द्वारा किया गया। राम वियोग में राजा दशरथ विलाप करते हुए मोक्ष हुए और जीवन के अंत समय में उनको वो शब्द भेदी बाण याद आया, जो किसी शिकार के लिए उन्होंने सरयू के तट पर चलाया था, लेकिन उस तीर से श्रवण का मोक्ष हुआ। दशरथ मरण का दृश्य और श्रवण की देह पर अंधे मात-पिता का करूण विलाप देखकर दर्शक अश्रुपूरित हो गए। श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर लीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्यमी सौम्य अग्रवाल और ओपी गुप्ता ने भगवान श्री गणेश की आरती के बाद दीप प्रज्जवलित कर किया। समिति के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन और कार्यक्रम संयोजक पूर्व सभासद विकल्प जैन ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। लीला मंचन का शुभारंभ भगवान राम के वनवास जाते ही अयोध्या में छाये एक अंधकार के साथ होती है। पूरा महल शोक में है और राजा दशरथ उनके वियोग में डूब जाते हैं। मृत शैया पर पड़े राजा दशरथ को श्रवण कुमार के माता-पिता द्वारा दिए गए अभिशाप का भी आभास होता है। इसके बाद राजा दशरथ ने राम-राम कहते हुए विलाप किया और प्राण त्याग दिए। दशरथ मृत्यु के मार्मिक मंचन को देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। गुरु वशिष्ठ सेवकों को ननिहाल कैकईपुर भेजकर भरत और शत्रुघ्न को बुलवाते हैं। वहीं श्रवण प्रसंग की लीला ने भी दर्शकों को भावुक किया। राम केवट संवाद लीला में मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन द्वारा केवट की भूमिका में किया गया अभिनय सराहनीय रहा। श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति के रामलीला समिति के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, कार्यक्रम संयोजक सभासद विकल्प जैन, अध्यक्ष गोपाल चौधरी, महामंत्री सुरेंद्र मंगल, मंत्री जितेंद्र कुच्छल, उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, धर्मेंद्र पंवार नीटू, पंकज शर्मा, निर्देशक अमित शर्मा, गोविंद शर्मा, नारायण ऐरन के अलावा ज्योति ऐरन, मीना ऐरन, कन्दर्प ऐरन, जितेंद्र नामदेव, विनय गुप्ता टिंकू, पीयूष शर्मा, राकेश बंसल, अनिल गोयल, राकेश मित्तल, अंकुश गुप्ता, विपुल मोहन, अज्जू जैन, आकाश गोयल, गौरव मित्तल, अनुराग अग्रवाल एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

दूसरे समुदाय की युवती समेत युवक पकड़ा

भोपा, 7 अक्टूबर (बु.)। भोपा से कुछ दिन पूर्व सालिम नाम का युवक दूसरे समुदाय की एक युवती को बहलाफुसला कर ले गया था। पुलिस ने आज दोनों को बरामद कर लिया है। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के कारण इसे लेकर तनाव था। मामले की जानकारी मिलते ही अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल की टीम भी थाने पर पहुंची। हिंदू संगठनों ने इस घटना को लेकर रोष व्यक्त किया है।

रस्म पगड़ी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य

श्री रविंदर कुमार जी (आर्किटेक्ट)

का स्वर्गवास शनिवार, दिनांक 28 सितम्बर 2024 को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी बुधवार, दिनांक 9 अक्टूबर 2024 को होनी निश्चित हुई है।

ब्रह्मभोज ....12:00 बजे दोपहर

रस्म पगड़ी..................2:00 बजे दोपहर

स्थान:- आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल

मेन रोड, लक्ष्मण विहार, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार

किरन बाला (धर्मपत्नी)

धर्मेश, सोमेश (पुत्र)

अनुराग, मुनीश, राजीव, विवेक (दामाद)

भुवनेश, मनीष, विभुति (भतीजे)

आर्यन, अर्जुन, वंश, राघव (पौत्र)

श्रेय, रोहन (धेवते)

एवं समस्त गुप्ता परिवार

M.+91 9837023127, +91 9412211193

टाउन हॉल की रामलीला में निषाद लीला, केवट प्रसंग एवं सुमंत की वापसी

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। टाउन हाल के मैदान में खेली जा रही शहर रामलीला में गत रात्रि श्रवण कुमार लीला, दशरथ मोक्ष के साथ-साथ निषाद लीला केवट प्रसंग एवं सुमंत की वापसी के प्रकरण को बड़े ही जीवंत ढंग से प्रस्तुत किया गया । इससे पूर्व श्री राम श्री लक्ष्मण एवं माता जानकी सुमंत जी के साथ अयोध्या से वन गमन के लिए निकले तो इस अवसर पर उनकी शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई काली नदी के तट पर पहुंची, जहां प्राचीन सिद्ध पीठ देवी मंदिर पर सभी स्वरूपों का स्वागत अभिनंदन एवं उनकी आरती की गई। सिद्ध पीठ वाले गुरु जी पंडित संजय कुमार, पंडित महेश कुमार मिश्रा, पंडित शैंकी मिश्रा ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ श्री राम जी लक्ष्मण जी एवं माता जानकी की आरती कर, उनकी स्तुति की और उन्हें भोग प्रसाद ग्रहण कराया। उसके

बाद श्री राम लक्ष्मण जी एवं माता जानकी नदी पार करने के लिए काली नदी के तट की ओर प्रस्थान कर गए। काली नदी के तट पर केवट ने प्रभु के श्री चरणों में शीश नवाकर उनकी आरती की और उन्हें अपनी नाव से दूसरे तट की ओर नदी को पार कराया। इस मौके पर श्रीराम और केवट संवाद को सुनकर उपस्थित जन्म समुदाय बेहद हर्षित हो चला। इसी के साथ सुमंत जी की भी वापसी हो गई।

रामलीला शहर के इस कार्यक्रम में शिवचरण गर्ग, सतीश गर्ग, वैभव मित्तल, शोभित, डॉ. संजय अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल (शिक्षा विभाग वाले) शक्ति संगल (किताबें वाले) नंदकिशोर रजत शर्मा, अंजुल भूषण, अनमोल सिंघल, मास्टर सुशील गोयल, अनमोल मित्तल, अतुल गर्ग, नितिन नामदेव आदि का उल्लेखनीय सहयोग व योगदान मिल रहा है।

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

भारी मात्रा में पटाखों का जखीरा बरामद

चरथावल, 07 अक्टूबर (बु.)। घर पर अवैध रूप से विस्फोटक पटाखे बनाने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अवैध तरीके से तैयार किये जा रहे विस्फोटक पटाखों का भारी मात्रा में जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गये हैं। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर एसएसपी अभिषेक सिंह के निर्देश पर विस्फोटक पदार्थ बनाने व बेचने वाले अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

चरथावल कस्बे के मौहल्ला तीरगरान में शौकत पुत्र रसीद अपने मकान में अवैध विस्फोटक पटाखे बना रहा है। सूचना पर चरथावल कस्बा इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह व उपनिरीक्षक विनीत चौधरी ने पुलिस टीम के साथ छापामारी करते हुए शौकत को मौके से गिरफ्तार किया। मौके पर सूतली बम, बूलर बम, बमबत्ती व कुछ अधबने बम करीब 40 किलो विस्फोटक बरामद किये हैं। आरोपी पटाखे बनाने का लाइसेंस नहीं दिखा सका। आरोपी ने बताया कि वह मौहल्ला निवासी रियासत व शराफत के साथ पटाखे बनाने का कार्य करता है। पुलिस आरोपी के दोनों साथियों की गिरफ्तारी के लिये लगातार दबिश दे रही है। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करके वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

भैसानी से मुजफ्फरनगर व हरिद्वार के लिये रोडवेज बस सेवा आरम्भ

पुरकाजी, 07 अक्टूबर (बु.)। पुरकाजी विकास खण्ड क्षेत्र के गांव भैसानी से सोमवार को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा मुजफ्फरनगर व हरिद्वार के लिये रोडवेज बस सेवा शुरू की गई जिसका शुभारंभ कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार व पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान उपजिलाधिकारी निकिता शर्मा, जिला पंचायत सदस्य रजत चौधरी, व ग्राम प्रधान पति नवीन त्यागी ने हरी झण्डी दिखाकर किया। इस मौके पर गांव में कई जगहों पर पौधारोपण भी किया गया। बस प्रतिदिन सुबह शाम गांव से यात्रियों को लेकर आयेगी व जायेगी। इस दौरान पुरकाजी ब्लाक प्रमुख पति धनप्रकाश, चरथावल ब्लाक प्रमुख अक्षय पुण्डीर, पंकज त्यागी, विवेक राठी, जसवंत त्यागी, हरिओम त्यागी, अंकुर, हरीश, मुकेश, सन्नी आदि मौजूद रहे।

आवश्यकता है

अनुभवी अकाउंटेंट की आवश्यकता है। उम्मीदवार को ऑनलाइन टैली, जीएसटी पोर्टल का ज्ञान होना चाहिए।

अनुभव 5 से 20 वर्ष

वेतन 15000 से 19000 तक

संपर्क करें- 9520866571

जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

आवश्यकता है

लेडिज कपड़ों के शोरूम के लिए सेल्स ब्वॉय की आवश्यकता है।

-: सम्पर्क करें:-

7060345660

गोदाम किराये हेतु

एक गोदाम किराये हेतु 6000 स्क्वायर फीट खाली है।

इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करे

सम्पर्क करने का स्थान:-

मधुर मिलन बैंकेटहॉल के बराबर में कूकड़ा, अलमासपुर रोड, मुजफ्फरनगर

मोबाईल:- 9837779234

REQUIREMENTS

EXPERIENCE STAFF REQUIRED FOR CA/LAW FIRM

A well qualified staff in Accounts/ Audit/ GST is required (Male/female) for CA/Law firm in the City (Muzaffarnagar).

Who has well Knowledge And Experience of all GST returns (all forms) with 9/ 9C, Audit, ITR and accounts.

Preference will be given to those who have knowledge in all fields .

Salary will be as per expertise / experience.

M. 9837808180, 9837244256

New Mandi, Muzaffarnagar

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो लड़के हैं, जिसमें बड़ा लड़का मौ0 परवेज और छोटा लड़का दानिश हैं मेरा छोटा लड़का दानिश मेरे कहने-सुनने में नही है। इसलिए मैंने अपने लड़के दानिश को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज (दिनांक 5/10/2024) से दानिश का मेरी चल-अचल सम्पत्ति पर कोई अधिकार नहीं होगा।

श्रीमती सलमा पत्नी अय्यूब

32, इमामबाड़ा, नदीवाला, मुजफ्फरनगर

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र कुलदीप विश्वकर्मा व पुत्रवधु श्रीमति आरती विश्वकर्मा पत्नी कुलदीप विश्वकर्मा मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। मेरे व मेरे अन्य बच्चों/परिवारजनों के साथ उनका व्यवहार क्रूरता पूर्वक रहा है। मैं अपने पुत्र कुलदीप विश्वकर्मा व पुत्रवधु श्रीमती आरती विश्वकर्मा से समस्त सम्बन्ध विच्छेद/समाप्त कर रहा हूँ। उनका मेरी समस्त चल-अचल सम्पत्ति व मेरे परिवारजनों से कोई सम्बन्ध किसी प्रकार का नहीं रहा है। यदि उक्त कुलदीप व आरती किसी से कोई उधारी लेन-देन कर्जा आदि करते हैं या किसी गैर कानूनी कार्यो में संलिप्त रहते हैं, तो उसके लिए कुलदीप व उसकी पत्नी आरती ही स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

सुनील विश्वकर्मा पुत्र स्व0 सत्यपाल सिंह

निवासी म0न0 नया शाहबुद्दीनपुर मार्ग रामपुरी थाना-कोतवाली, मुजफ्फरनगर

सार्वजनिक पद पर 23 वर्ष पूरे होने पर पीएम ने जताया आभार

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सार्वजनिक पद पर 23 साल पूरे कर लिए हैं। आज के ही दिन 2001 में उन्होंने पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम बीजेपी नेताओं ने पीएम मोदी की तारीफ की है। वहीं, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके सभी का आभार जताते हुए अपनी सार्वजनिक जीवन की यात्रा के बारे में बताया है। इस मौके पर पीएम मोदी ने देशवासियों को आश्वासन दिया कि वह और भी अधिक जोश के साथ अथक परिश्रम करते रहेंगे और तब तक आराम नहीं करेंगे, जब तक कि विकसित भारत का सामूहिक लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में बहुत कुछ हासिल किया गया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

शराब की ओवर रेटिंग में आबकारी इंस्पेक्टर सस्पैंड

मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व डीओ राकेश भारद्वाज ने ओवर रेटिंग प्रकरण में सदर आबकारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार को सस्पेंड कर दिया। पिछले दिनों पुलिस और प्रशासनिक टीम ने ओवर रेटिंग की शिकायत पर शराब की मॉडल शॉप पर छापेमारी करते हुए ओवर रेटिंग मिलने पर मॉडल शॉप को सील कर दिया था। खुद नगर मजिस्ट्रेट को उक्त दुकान पर छापे में ओवर रेटिंग के खेल का शिकार होना पड़ा था।

महाअष्टमी और नवमी इस बार एक ही दिन मनेंगी

मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)। इस बार नवरात्र में एक दिन घट जाने से अष्टमी और नवमी तिथि एक ही दिन मनाई जाएगी। इस साल पंचांग के अनुसार शारदीय नवरात्र में महाअष्टमी और नवमी 11 अक्तूबर को मनेगी। 11 अक्तूबर को संधि पूजा भी की जाएगी। आश्विन शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 10 अक्तूबर को दोपहर 12:31 से शुरू हो रही है, जो 11 अक्तूबर को दोपहर 12:06 पर समाप्त हो जाएगी। इसके बाद नवमी तिथि लग जाएगी। इसलिए अष्टमी और नवमी पूजन 11 अक्तूबर को होगा। 12 अक्तूबर को दशहरा मनाया जाएगा। क्योंकि श्रवण नक्षत्र में ही भगवान श्रीराम ने रावण का वेदन किया था। जब यह नक्षत्र होता है उसी के अनुसार दशहरा पर्व मनाया जाता है।

वंदे भारत ट्रेन पर लगातार दूसरे दिन भी पथराव

ऊना, 07 अक्टूबर (वार्ता) देश की प्रीमियम ट्रेन सेवाओं में से एक वंदे भारत ट्रेन पर हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला में लगातार दो दिन पथराव करने की घटनाएं सामने आई है। जिला में शनिवार और रविवार लगातार दो दिन जिला में अलग-अलग जगह पर वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी की गई है। हालांकि इस पथराव के दौरान ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं पहुंचा लेकिन पथराव के चलते ट्रेन के कई शीशे क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस पथराव के पीछे साजिश या शरारत का मामला अब एक बड़ा प्रश्न बन गया है। शनिवार को जिला मुख्यालय के निकट स्थित गांव बसाल में वंदे भारत ट्रेन की चार बोगियों पर पत्थर मारे गए, जबकि रविवार को अंब में ट्रेन की दो बोगियों को निशाना बनाया गया। इन घटनाओं के चलते रेलवे पुलिस और प्रशासन ने चिताओं को बढ़ा दिया है। रेलवे ने जिला ऊना के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर सहयोग मांगा है।

अदनान सामी की मां बेगम नौरीन सामी खान का निधन

मुंबई, 07 अक्टूबर (वार्ता)। हिंदी सिनेमा के सुप्रसिद्ध गायक अदनान सामी की मां नौरीन सामी का निधन हो गया है। वह 77 वर्ष की थीं। अदनान सामी ने सोमवार को अपनी मां बेगम नौरीन सामी खान के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दुखद समाचार साझा किया और लिखा, यह सबसे बड़े दुख और अनंत दुख के साथ है कि मैं हमारी प्यारी मां बेगम नौरीन सामी खान के निधन की घोषणा करता हूं...। हम गहरे दुःख से घिर गए हैं। वह एक अविश्वसनीय महिला थीं, जिन्होंने हर किसी के साथ प्यार और खुशी साझा की। हम उन्हें बहुत याद करेंगे। कृपया उनकी दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना करें। अल्लाह हमारी सबसे प्यारी मां को जन्नत-उल में ले जायें। फ्रेंडीस...आमीन...। सोशल मीडिया पर खबर साझा करने के बाद प्रशंसकों और फिल्म जगत के लोगों ने अपनी संवेदना व्यक्त की।

पन्ना टाइगर रिजर्व बाघिन ने दिया 5 शावकों को जन्म

पन्ना, 7 अक्टूबर (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में आये दिन पर्यटकों को बाघों के दीदार से पर्यटकों की खुशियां का ठिकाना नहीं रहता है, क्योंकि पन्ना टाइगर रिजर्व में लगातार बाघों का संसार बढ़ता जा रहा है। इसमें सभी शावक विचरण करते पर्यटकों के कैमरे में कैद हो गए।

अब ज्ञापन नहीं... जवाब देंगे', मौलाना तौकीर ने किया बड़ा एलान

बरेली, 7 अक्टूबर (एजेंसी)। बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि देश में दो तरह के कानून चल रहे हैं। एक मुसलमानों के लिए है और दूसरा हिंदुओं के लिए। मौलाना तौकीर ने सोमवार को मलियों की पुलिया स्थित एक शादी हाल अपनी पार्टी के स्थापना दिवस के जलसे में तकरीर करते हुए दिल्ली के रामलीला मैदान में धरना प्रदर्शन करने का एलान भी किया। उन्होंने कहा कि देश के अंदर तलाक और जमीन जायदाद के लिए मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू है, लेकिन कानून के हिसाब से फैसले नहीं हो रहे हैं। मुसलमानों के साथ जुल्म ज्यादती हो रही है और प्रधानमंत्री खामोश हैं। वह देश के प्रधानमंत्री न हो कर सनातन के प्रधानमंत्री बन हुए हैं, जिसमें आर्य समाजी, दलित और आदिवासी की कोई जगह नहीं। उन्होंने कहा कि तमाम जुल्म और ज्यादती के खिलाफ अब कोई ज्ञापन नहीं दिया जाएगा। वह बहुत हो गया, इसका कोई नतीजा नहीं निकला। अब जवाब दिया जाएगा।

नगर क्षेत्र पर खर्च होंगे 7.33 करोड़, बदलेंगे शहर के हालात

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। पालिका बोर्ड बैठक के बाद अब शहर में विकास कार्यों को गति देने की कवायद तेज होगी, जिससे नए क्षेत्र के वार्डों में निवास करने वाले लोगों के दिन बहुरेंगे, वहीं इन क्षेत्रों में विकास कार्यों पर 7 करोड़ 33 लाख 96 हजार 906 रुपये खर्च होंगे। यह धनराशि पालिका को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत मिली है।

सदन में पारित प्रस्तावों से नगर क्षेत्र के कूकड़ा, विश्वकर्मा और अलमासपुर चौराहें के सौंदर्यकरण को हरी झंडी मिली है। शहर में विभिन्न स्थानों पर लगी हाईमास्ट लाइटों में सोडियम फ्लड लाइटों को एलईडी लाइटों से परिवर्तित करने की कार्य योजना बनाई है। जिसमें 120 हाईमास्ट सोडियम फ्लड लाइटें 170-200 वॉट की एलईडी लाइटों से बदली जाएगी, इस पर करीब 32.21 लाख रुपए खर्च होंगे। पेयजलापूर्ति सुधार के लिए शहीद चौक खालापार में 10 एचपी का नया नलकूप, स्टेडियम गेट के पास नलकूप का रिबोर होगा। शहर में लगे 110 वाटर कूलरों के आगामी वित्तीय वर्ष में रख रखाव व मरम्मत के लिए 49.84 लाख रुपये खर्च करने के लिए बोर्ड ने स्वीकृति दी। एफएसटीपी प्लांट किदवईनगर के संचालन के लिए आउटसोर्स व्यवस्था पर कर्मचारी रखने को हरी झंडी, कर्मचारियों को ठंडी वर्दी व उनके चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के भुगतान को बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान की है।

सदन में टूटी संसदीय मर्यादाएं, पहली बार अपशब्दों का प्रयोग

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। नगरपालिका परिषद की संपन्न बोर्ड बैठक में एक सभासद द्वारा असंसदीय भाषा का प्रयोग कर संसदीय मर्यादाओं को उस वक्त तार-तार कर दिया, जब पालिका सभागार में नगर विकास को पंख लगाने की खातिर बोर्ड बैठक हो रही थी। इस बैठक में महिला चेयरपर्सन, ईओ और बड़ी संख्या में महिला सभासदों के होने के बावजूद जनता द्वारा चुने गए एक वार्ड सभासद ने दूसरे सभासद का विरोध करते हुए तमाम मर्यादा की सीमाएं लांघने के साथ गंदी भाषा का प्रयोग किया, जिस पर महिला सभासदों के साथ मंच पर मौजूद चेयरपर्सन और ईओ ही नहीं अपितु पूरा सदन हक्का-बक्का सा रह गया। सोमवार को हुई इस असंसदीय भाषा करने वाले माननीय की जवाबदेही न होने पर भविष्य में अन्य सभासदों को बढ़ावा मिलेगा, इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

पालिका में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग की पैरवी, दो प्रस्तावों का विरोध

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। पालिका सभागार में संपन्न बोर्ड बैठक में प्रस्ताव संख्या 378 में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत करीब 7.33 करोड़ रुपए लागत से निर्माण व पथ प्रकाश के कार्यो में पथ प्रकाश के लिए होने वाले कार्यों की सूची में सीमा विस्तारित क्षेत्र वार्ड 21 और 52 को शामिल नहीं करने पर सभासद रजत धीमान ने ऐतराज करते हुए इसे निरस्त करने की मांग की। वहीं प्रस्ताव 392 का भी विरोध हुआ। इसमें लोकसभा चुनाव में शहरी क्षेत्र के पोलिंग स्टेशनों पर हुए बूथों के निर्माण के कार्य का भुगतान कराने की अनुमति मांगी थी। सभासदों ने कहा कि शासन से जो पैसा आया है, उससे ज्यादा का भुगतान पालिका नहीं करेगी। प्रस्ताव 401 में सीएम नगरोदय योजना की कार्ययोजना पर बोर्ड ने असहमति व्यक्त की। सभासदों ने कूकड़ा में टाउनहाल निर्माण के प्रस्ताव का मुखर विरोध करते हुए मौजूदा टाउनहाल का स्वरूप बनाए रखने के साथ यहीं पर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग निर्माण कराने का प्रस्ताव नगरोदय में लाने की बात की, जिसमें शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी शामिल हो ताकि आय भी बढ़े। वहीं प्रस्ताव 402 में पालिका की 17 मार्किट के 509 दुकानदार व 173 क्वार्टरों के शिकमी-अवैध किरायेदारों को बेदखल करते हुए नये सिरे से आवंटन करने, शिकमी, वारिसान व 15 साला वाले तमाम प्रकरणों के निस्तारण के लिए टैक्स विभाग द्वारा उपविधि बनाई गई, इसमें भी सभासदों ने दुकानदारों का उत्पीड़न न करने वाली नीतियों से बचने की अपनी सलाह दी।

सांसद बोले: मीनाक्षी स्वरूप बोर्ड के लिए सौभाग्य की बात

मुजफ्फरनगर। पालिका बोर्ड बैठक में सांसद हरेन्द्र मलिक ने चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप का पक्ष लेते हुए ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह समेत अफसरों से स्पष्ट कहा कि वो ऐसे प्रतिष्ठित परिवार से है, जो कोई ऐसा कार्य नहीं कर सकेंगे, जिससे बदनामी का दाग लगें, ऐसे में अफसरों को भी ध्यान रखना होगा। इस परिवार के पास धन की कमी नहीं, यह परिवार नगर में विकास करना चाहता है। यह बोर्ड का सौभाग्य है कि स्वरूप परिवार से मीनाक्षी जैसी चेयरपर्सन मिली है। उन्होंने दिल्ली की कंपनी द्वारा सफाई मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि आज सफाई के लिए सुबह गाना गूंजता है, अच्छा लगता है, पर इस कंपनी को टाइट करने की जरुरत है। काम सही नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि गंभीर परिस्थितियों को छोड़कर ऑफ लाइन टैंडर से बचा जाये। इसके साथ आईजीएल के गडढे, पथ प्रकाश, शिकमी किरायेदारी के मामलों में पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य किए जाने की बात की।

शेष - मां-बाप हुए शर्मसार....

बीच सोमवार को करीब 40 मिनट तक चली। बोर्ड बैठक से पूर्व सदन में पहली बार पदेन सदस्य के रूप में सपा सांसद हरेन्द्र मलिक भी पहुंचे। बोर्ड की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और पूरे सदन ने उनका स्वागत पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण करते हुए किया। सांसद के उद्बोधन के बाद बोर्ड बैठक की कार्यवाही 11.35 बजे प्रारम्भ हुई। इस बीच सभासद अन्नू कुरैशी ने नगर में कुकरमुत्तों की तरह फैले अवैध होर्डिंग्स जैसे मुद्दे पर अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करने के साथ राजस्व वसूली बढ़ाने की मांग की। बैठक में गत कार्यवाही की पुष्टि के साथ शुरू हुई, तभी सभासदों ने फिर से हंगामा खड़ा कर दिया। सभासदों ने पालिका चेयरपर्सन के समक्ष एक पत्र सौंपते हुए दावा किया कि गत कार्यवाही की पुष्टि में प्रस्ताव सं. 270 जिसमें ईओ को गाड़ी देने का प्रावधान है, उस पर पालिका के करीब 45 सभासदों ने विरोध दर्ज किया है, इसे प्रोसरीडिंग में शामिल किया जाए। इसे लेकर सदन में भाजपा के ही सभासद आमने-सामने आ गए। सभासद राजीव शर्मा और मनोज वर्मा के इस पत्र के विरोध में सभासद योगेश मित्तल और शिवम मुन्ना ने आपत्ति दर्ज कराई। सभासद अन्नू कुरैशी ने अवैध होर्डिंग एवं गोल मार्किट में पालिका की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने के प्रकरण में कार्यवाही नहीं होने का मसला उठाते हुए चेयरपर्सन से इन मामलों में सख्ती किए जाने की मांग की। इन मुद्दों को लेकर काफी देर तक हंगामे और शोरगुल के बीच बोर्ड बैठक में कार्यवाही धीमी गति से चलती रही। बोर्ड बैठक में 55 सभासदों में से एक सभासद मिथलेश देवी गैरहाजिर रही हैं। बैठक में सीमा जैन, कुसुम लता, राखी पंवार, पारूल मित्तल, नवाज जहां, मुसीरा, हकीम इरशाद अंसारी, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, योगेश मित्तल, अन्नू कुरैशी, नौशाद खां, नवनीत गुप्ता, देवेश कौशिक, शौकत अंसारी, प्रशांत गौतम समेत अन्य सभासदों के साथ ही कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार, एई निर्माण अखंड प्रताप, एई जलकल सुनील कुमार, टीएस नरेश शिवालिया, जेई जलकल धर्मवीर सिंह, लेखाकार प्रीति रानी, चीफ योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

इन्होंने कहा

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बोर्ड बैठक समाप्त होने पर सभी सभासदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमने प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों के अनुरूप नगर के चहुंमुखी विकास के लिए एजेंडा सर्वसहमति से पारित कराया है। नगर हित को लेकर जो भी सुझाव या सवाल सभासदों ने यहां उठाये हैं, उन्हें लेकर हम काम करेंगे। पालिका को एक परिवार के रूप में हम लेकर चल रहे हैं। विकास के मुद्दे पर बिना भेदभाव के काम हो रहा है और सबका साथ व सबका विकास नीति फलीभूत हो रही है। अधिकारियों को हमने नसीहत दी है कि सभासदों के सम्मान में कोई त्रुटि न हो और जिन निर्माण कार्यों में देरी हो रही है, उन्हें जल्द शुरू कराया जाये।

पेंच वर्क कार्य में देरी होने पर पारूल मित्तल ने उठाए सवाल

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। पालिका बोर्ड बैठक में आईजीएल द्वारा किए गड्डों को बंद कराने के साथ पूर्व में स्वीकृत हुए पेंच वर्क कार्य अभी तक शुरू न किए जाने पर हंगामा खड़ा हो गया। सभासद पारूल मित्तल ने नई मंडी क्षेत्र में पेंच मरम्मत का कार्य नहीं होने पर नाराजगी भी जताई। नगर की पॉश कालोनी में शुमार नई मंडी क्षेत्र की स्थिति पर रोष व्यक्त जताते हुए ठेकेदारों पर कार्रवाई किए जाने की सदन में मांग की। अन्य सभासदों ने भी निर्माण कार्यों में देरी होने का मुद्दा सदन में प्रमुखता से उठाया। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि नई मंडी में पेंश वर्क कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसके साथ सरकूलर रोड, कोर्ट रोड, अंसारी रोड, गांधी कालोनी, खालापार व रामलीला टिल्ला की सड़कों का पेंच मरम्मत करने को 12.27 लाख रुपए का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सदन ने पारित किया है।

वार्ड सभासदों की सिफारिश कर गए पालिका सदन में सांसद

- दलगत राजनीति से उठकर करें नगर विकास कार्यो में काम
- सभासदों ने ईओ को गाड़ी देने के प्रस्ताव को कराया निरस्त

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। पालिका बोर्ड बैठक में सोमवार को उस वक्त सभागार में माहौल बदला सा नजर आया। इसमें पहली बार सपा सांसद हरेन्द्र मलिक पदेन सदस्य के रूप में पहुंचे। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बुके देकर उनका भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा कि सभासद जनप्रतिनिधि के रूप में सांसद से भी महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसका जुड़ाव लगातार जनता से है। ऐसे में अधिकारी-कर्मियों को चाहिए कि वो सभासद को पूर्ण सम्मान दें, विकास की कार्ययोजना बनाने से पूर्व उनसे विचार-विमर्श करते हुए उनके क्षेत्रों के कार्यो को प्राथमिकता पर सम्मिलित किया जाये। जो सड़कें बनवाई जा रही हैं, यदि वो 5 वर्ष से पहले टूट रही हैं तो ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही हो। उन्होंने सभासदों को नसीहत देते हुए कहा कि वो अफसरों को हटाने और दबाने के प्रयास छोड़कर शहरी विकास के लिए दलगत राजनीति से उठ कर काम करने का काम करें। सपा सांसद ने सभासदों द्वारा ईओ गाड़ी का मुद्दा उठाना गलत और अनावश्यक बताते हुए उन्हें गाड़ी मुहैय्या कराने की पैरवी की। सपा सांसद की पैरवी के बाद सदन में गत कार्यवाही की पुष्टि में सभासद राजीव शर्मा व मनोज वर्मा समेत अन्य सभासदों ने ईओ को गाड़ी देने के पूर्व के प्रस्ताव को निरस्त कराने के साथ अन्य प्रस्तावों पर स्वीकृति की मुहर लगा दी।

विरोध के नाम पर अराजकता सहन नहीं : सीएम योगी

लखनऊ, 7 अक्टूबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय के देवी-देवता, महापुरुषों और साधु-संतों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है। विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम सोमवार को अपने सरकारी आवास पर त्योहारों के मद्देनजर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान और महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता है। इसे जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता है। यदि कोई भी व्यक्ति आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कड़ी सजा दिलाई जाएगी। विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़फोड़ व आगजनी का दुस्साहस करने वालों को उसकी कीमत चुकानी होगी।

साइबर क्राइम पर तत्काल होगी कार्रवाई

- विदेश से आने वाले फर्जी कॉल्स पर लगी रोकथाम
- एआई से पकड़े जाएंगे फर्जी कागजों वाले कनेक्शन

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (एजेंसी)। विदेशी नम्बरों का प्रयोग कर साइबर ठगी की घटनाओं को लेकर संचार मंत्रालय ने इस संकट को ध्यान में रखते हुए एक डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफार्म (डीआईपी) लांच किया है, जिसका उद्देश्य साइबर अपराधों को रोकना और वित्तीय धोखाधड़ी को खत्म करना है। भारत में 120 करोड़ से अधिक लोग मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं और 95 करोड़ लोग इंटरनेट का सहारा लेते हैं। इस विशाल जनसंख्या के बीच साइबर अपराधियों ने अपनी साजिशों को अंजाम देने के लिए कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है, जिससे उनकी असली पहचान छिपी रह जाती है। इन ठगों द्वारा कस्टम, ड्रग्स और सेक्स रैकेट के नाम पर डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी देकर लोगों से पैसे ठगे जा रहे हैं। संचार मंत्रालय ने इस समस्या को सुलझाने के लिए एक केंद्रीकृत व्यवस्था विकसित करने की योजना बनाई है, ताकि विदेश से होने वाले इन फर्जी कॉल्स को पूरी तरह से विफल किया जा सके। अभी के हालातों में, रोजाना एक करोड़ से अधिक कॉल विदेश से किए जा रहे हैं, जिनमें से 45 लाख कॉल्स को टेलीकॉम कंपनियों की मदद से विफल किया जाता है। संचार विभाग ने सभी टेलीकॉम कंपनियों, गृह मंत्रालय, 460 बैंकों और वित्तीय संस्थानों, और विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों को एक मंच पर लाकर इस समस्या का समाधान खोजने का प्रयास किया है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग पर रियल टाइम कार्रवाई की जा सकेगी, और संदिग्ध मोबाइल नंबरों की पहचान होने पर उन्हें तुरंत अलर्ट किया जा सकेगा। संचार मंत्रालय ने यह भी बताया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मोबाइल कनेक्शन लेने वालों को पकड़ने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा लिया जा रहा है। उपभोक्ताओं को भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है। किसी भी संदिग्ध कॉल या एसएमएस की जानकारी उपभोक्ता संचार साथी पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं, जिससे समस्या के समाधान में तेजी लाई जा सके। साइबर ठगी की रोकथाम के लिए उपभोक्ताओं की जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोबाइल फोन चोरी, सिम कार्ड से संबंधित समस्याओं, और अन्य टेलीकॉम सेवा संबंधी शिकायतों के लिए उपभोक्ता इस पोर्टल पर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

दूसरे समुदाय की युवती से छेड़छाड़

भोपा, 7 अक्टूबर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी के ही दूसरे सम्प्रदाय के युवक ने घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती ने छेड़छाड़ का विरोध करते हुए शोर मचा दिया। शोर सुनकर मौके पर आये युवती के भाई ने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट कर दी। पीड़ितों ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक नोवेन्द्र सिंह सिरोही ने बताया कि आरोपी शाहवेज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मां-बाप हुए शर्मसार, शहर के बीचोंबीच मिला अय्यासी का बाजार से जुड़ी तस्वीरें

ऑल इंडिया तहरीक आवाम ए हिन्द के बैनर तले मौलानाओं ने महामंडलेश्वर यति नरसिंहानन्द के खिलाफ की सख्त कार्यवाही की मांग

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। सोमवार को ऑल इंडिया तहरीक आवाम ए हिन्द के बैनर तले मौलानाओं ने महामंडलेश्वर यति नरसिंहानन्द के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि पैगम्बर मौहम्मद साहब पर आपत्तिजनक शब्द नाकाबिले बर्दाश्त हैं। बेशक यति नरसिंहानन्द को कानून ने अपना काम करते हुए पकड़ लिया हो मगर वे ऐसे व्यक्ति पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त से सख्त सजा देने की गुजारिश करते हैं। ज्ञापन में लिखा गया कि उनके द्वारा कहे गये शब्दों का वीडियो खुलेआम सुना जा सकता है और खुद यति नरसिंहानन्द और उनके शिष्य ने एक समुदाय को भड़काने का काम किया है। जिससे समाज में धार्मिक विद्वेष फैल रहा है। इसी क्रम में देश में विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन भी हो रहे हैं। देश के माहौल को ठीक रखने के लिए ऐसे व्यक्ति पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही पुलिस द्वारा होनी चाहिए। मौलानाओं में सुहैब, हाफिज आरिश, आकिल, कारी आजाद, मुदस्सिर, मुफ्ति शाबिर आदि मौजूद रहे।

यति नरसिंहानंद का कोई अता पता नहीं

- पुलिस बवाल के बाद ले गयी थी हिरासत में, 13 को पंचायत का ऐलान
- बरामदगी को हिंदू संगठनों का पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर हंगामा

गाजियाबाद, 7 अक्टूबर (एजेंसी)। डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद इस समय कहां हैं इसे लेकर स्थिति साफ नहीं है। मंदिर प्रबंधन का कहना है कि शुक्रवार रात पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई थी, जबकि पुलिस अधिकारी इससे मना कर रहे हैं। यति का मोबाइल नंबर भी बंद जा रहा है। इस मामले में सोमवार को हिंदू संगठन पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंचे। पुलिस लाइन में बैरिकेडिंग करके लोगों को रोका गया। सैकड़ों लोग पुलिस लाइन पहुंचे और हंगामा किया। हिंदू वादी संगठन के प्रतिनिधियों ने पुलिस कमिश्नर से की मुलाकात करने के बाद कार्यालय से बाहर निकल कर बोले कि यहां जवाब मिला कि हमें नही पता महाराज कहां है तुम भी खोजो हम भी खोजते हैं। लोगों ने कहां कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिला।

उदिता त्यागी ने कहा कि हमें कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिला है। अगर जल्दी हमें महाराज जी नहीं मिले तो हम 13 तारीख को महापंचायत करेंगे। शिवशक्ति धाम डासना में रविवार को हिंदू संगठनों और संतों ने आपात बैठक की। बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि सोमवार को बड़ी संख्या में सभी संगठनों के सदस्य कमिश्नर कार्यालय पहुंचेंगे और उनको ज्ञापन देंगे। बैठक की अध्यक्षता महेश आहूजा ने की और संचालन डॉ. उदिता त्यागी और विनोद सर्वोदय ने की थी। बैठक में किसान नेता सहदेव त्यागी ने कहा था कि महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के अवैध हिरासत पर हिंदू समाज चिंतित है। उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर को पुलिस ने शिवशक्ति धाम से दबाव बना कर निकलवा दिया था। जहां से वह अपने शिष्य राजेश पहलवान के घर बम्हेटा चले गए थे। वहां उन्हें सहायक पुलिस आयुक्त और वेब सिटी के थानाध्यक्ष ने गिरफ्तार किया था। वह उन्हें पुलिस लाइन ले गए, जहां दो दिन रखा गया। अब वह वहां भी नहीं हैं और उनको अभी तक अदालत में भी पेश नहीं किया गया है। उनका कहना था कि अगर महामंडलेश्वर के साथ कुछ हुआ तो उसके जिम्मेदार पुलिस अधिकारी होंगे। अक्षय त्यागी ने कहा कि पुलिस आयुक्त के महामंडलेश्वर को अपमानित करने के बाद से बवालियों का हौसला बढ़ा है। डासना में पहले भी भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. तोमर की हत्या हो चुकी है, लेकिन यहां महामंडलेश्वर का मामला है, जिनके लिए लाखों हिंदू मर मिटेंगे। बैठक में आचार्य महामंडलेश्वर सच्चिदानंद महाराज, ओम भारती, नरीशानंद, वीनम माता, यति रामस्वरूपानंद, यति निर्भयानंद, यति रणसिंहानंद, वेद नागर, अनिल मावी, ममता सहगल सहित अन्य मौजूद रहे।

प्रधानाध्यापक से धोखाधड़ी के 3 आरोपी पकड़े

छपार, 07 अक्टूबर (बु.)। छपार पुलिस द्वारा प्रधानाध्यापक से साईबर फ्राड करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजा गया। उनके पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड, तीन मोबाइल फोन के साथ ही कुछ नकदी भी पकडी गई। छपार थाना प्रभारी के अनुसार छपार निवासी मौ. तस्लीम नामक व्यक्ति जो खुड्डा गांव के सरकारी स्कूल में प्रधानाध्यापक बताया गया। उससे उक्त साईबर ठगों ने अपने को उत्तर प्रदेश सामान्य प्रशासन अनुभाग का अधिकारी बताकर अन्य जनपद में स्थानांतरण से बचाने के नाम पर सवा लाख रुपए की रकम साईबर फ्राड कर ले ली गई थी। पुलिस ने ठगी के प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ चार अक्तूबर में केस दर्ज किया गया था। आरोपी प्रेमपाल पुत्र ज्वाला प्रसाद निवासी मोहम्मदपुर थाना बहेडी, नरेन्द्र पाल पुत्र प्रेम शंकर निवासी रहपुरा थाना फतहगंज व विनय पुत्र सुरेन्द्र पाल निवासी ग्वारी गोटिया थाना बहेडी को पकड़ा गया। तीनों आरोपी जनपद बरेली के निवासी बताए गए।

नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार दम्पति समेत तीन घायल

मीरापुर, 7 अक्टूबर (बु.)। रिश्तेदारी से बाइक पर सवार होकर रामराज लौट रहे एक युवक की बाइक से नीलगाय टकरा गई। इससे बाइक सवार युवक व दो महिलाएं घायल हो गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। रामराज निवासी अनुज पुत्र महीपाल सोमवार की देर शाम गांव अंती से अपनी पत्नी गुलशन तथा आकांक्षा पत्नी आकाश व तीन वर्षीय बच्ची सोनाक्षी के साथ बाइक पर सवार होकर रामराज लौट रहा था। जब इनकी बाइक खतौली रोड पर तनेता कोल्ड स्टोर के निकट पहुंची, तभी खेत से निकलकर आई एक नीलगाय बाइक से टकरा गई। जिससे बाइक सड़क पर गिर गई तथा उक्त तीनों घायल हो गई। गनीमत रही बच्ची सोनाक्षी घायल होने से बाल-बाल बच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बूलेंस व डायल 112 पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया तथा परिजनों को फोन से दुर्घटना की सूचना दी। पुलिस के अनुसार अनुज की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया तथा थाने ले गई।

मीरापुर में सड़क दुर्घटना में घायल महिलाऐं

दस हजार रुपये का इनामी बदमाश तमंचे सहित गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। 30 वर्ष पूर्व वर्ष 1994 में सुरेश निवासी ब्रह्मपुरी थाना सिविल लाइन के खिलाफ हमले व धमकी देने का मामला दर्ज हुआ था। उसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जिसमें आरोपी जमानत पर छूट कर आ गया था। मगर बाद में लापरवाही के चलते कोर्ट में किसी भी तारीख पर नहीं गया। उक्त मामले में कोर्ट ने सुरेश के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिये। फिर भी कोर्ट में न पेश होने के बाद उसे मफरूर घोषित कर दिया गया और वर्तमान एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा आरोपी पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया और पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई। रविवार को देर रात सरवट फाटक के पास से थाना सिविल लाइन पुलिस को उक्त आरोपी बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने तमंचा सहित हाथों हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यहां से भागकर मेरठ और सहारनपुर अपने रिश्तेदारों में रह रहा था। इस पर पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

शेष : माँ दुर्गा की छठी शक्ति ...

मां दुर्गा के छठवें स्वरूप का नाम कात्यायनी है। इनका कात्यायनी नाम पड़ने की कथा इस प्रकार है- कत नामक एक प्रसिद्ध महर्षि थे। उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए। इन्हीं कात्य के गोत्र में विश्व प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। इन्होंने भगवती पराम्बा की उपासना करते हुए बहुत वर्षों तक बड़ी कठिन तपस्या की थी। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। मां भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली थी। कुछ काल पश्चात जब दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बहुत बढ़ गया, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिये एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की। इसी कारण से यह कात्यायनी कहलायीं। ऐसी भी कथा मिलती है कि ये महर्षि कात्यायन के वहां पुत्री रूप से उत्पन्न भी हुई थीं। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी तथा नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन ऋषि की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिये ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिन्दी-यमुना के तट पर की थी। ये ब्रज मण्डल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यन्त ही भव्य और दिव्य है। इनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला और भास्कर है। इनकी चार भुजाएं हैं। माताजी का दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला वर मुद्रा में है। बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। इनका वाहन सिंह है। दुर्गा पूजा के छठवें दिन इनके स्वरूप की उपासना की जाती है। उस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्त को सहज भाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं। मां कात्यायनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है। वह इस लोक में स्थित रहकर भी अलौकिक तेज और प्रभाव से युक्त हो जाता है। उसके रोग, शोक, संताप, भय आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं। जन्म-जन्मान्तर के पापों को विनष्ट करने के लिये मां की उपासना से अधिक सुगम और सरल मार्ग दूसरा नहीं है। इनका उपासक निरन्तर इनके सान्निध्य में रह कर परम पद का अधिकारी बन जाता है। अतः हमें सर्वतोभावेन मां के शरणागत होकर उनकी पूजा-उपासना के लिये तत्पर होना चाहिये।

बाइक की टक्कर से रेहड़ा चालक की मौत

छपार, 07 अक्टूबर (बु.)। बाइक की टक्कर से रेहड़ा चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। छपार थाना क्षेत्र के बसेड़ा गांव निवासी 35 वर्षीय रवि पुत्र राजपाल रेहड़ा लेकर रविवार की सायं गांव की और जा रहा था। बरला भोकरहेडी मार्ग पर इंटर कॉलेज के पास तेजी से आ रहे बाइक सवार ने रेहड़े में टक्कर मार दी, जिससे रेहड़ा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया। वहां से मेरठ इलाज को भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया। मृतक के भाई धर्मेन्द्र ने बाइक चालक तेजलहेड़ा थाना छपार निवासी सलीम नामक बाइक सवार के खिलाफ दुर्घटना का केस दर्ज कराया है।